an>

Title: Regarding development of Secunderabad Cantonment area.

श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी (मेडक): उपाध्यक्ष महोदय, हैदराबाद के मेन सिटी सिकंदराबाद में कैंटूनमेंट बोर्ड है, वह डिफेंस लैंड है, करीब सात हजार से आठ हजार की जमीन कई सालों से प्राइवेट वालों को लीज पर दी गयी है। करीब 50 सालों से यह प्राइवेट वालों के कब्जे में है। उस समय वे लोग गवर्नमेंट से एग्रीकल्चर, एजुकेशन के लिए उसे लीज पर लेकर, उस पर पूरा इलीगल एक्टिवटी चला रहे हैं, उसे कॉमर्शियल बनाया। उसके लिए राज्य सरकार ने बहुत तकलीफ उठाया। जीएचएमसी डेवेलपमेंट के लिए उसमें कुछ भी नहीं कर सकी। वह डिफेंस लैंड है, वह बहुत साल के लिए लीज पर है। लीज को कैंसिल करके, गवर्नमेंट उस पर ऐक्शन ले कर, उसे ले ले तो सरकार को प्राफिट होगा। राज्य सरकार, जीएचएमसी उसे बिजली, पानी और सिवरेज की सुविधा दे रहे हैं, वहां रोड बनाने और डेवेलपमेंट करने के लिए उनको परमिशन नहीं मिल रहा है। वह डिफेंस की लैंड है, पूरा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। उसकी लीज कैंसिल करा कर दोबारा राज्य सरकार को दी जाये, राज्य सरकार को बहुत जमीन की आवश्यकता है। हमारे नये राज्य के अंदर बहुत-सारे डेवेलपमेंट करके, प्लानिंग से, यह सेन्ट्रल सिटी के बीच में है, हर बार उसको प्रॉपर डेवेलपमेंट करने में दिक्कत हो रही है। सरकार को जल्द से जल्द उस पर ऐक्शन लेकर उसे स्टेट गवर्नमेंट को हैंडओवर करे, पब्लिक डेवेलपमेंट के लिए जमीन राज्य सरकार को देंगे तो बहुत अच्छा होगा।

HON. DEPUTY SPEAKER: I have a long list of speakers and, therefore, I would request the Members to speak only for one minute. I cannot allow more than that, therefore, be very brief. Whatever point you wish to raise you can talk only about that and do not give a full description.